क्षेत्रीय कार्यालय

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

एसपीएल–2, पंचम चरण, रिको औद्योगिक क्षेत्र, किशनगढ़ (अजमेर)

राप्रनिम/क्षैका किश/पीयूबी–126/ दिनांक :

पर्यावरणीय स्वीकृति समूह खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स श्री श्योजी गुर्जर सहखातेदार श्री हनुमान गुर्जर एवं श्री रामदेव गुर्जर रेफरेंस संख्या 20201000024352 खसरा संख्या 47/01 एवं 47/02 ग्राम रूपाहेली द्वारा ग्रेनाइट एवं मैसनरी स्टोन खनिज क्लस्टर खनन परियोजना ग्राम–रूपाहेली, तहसील–मालपुरा, जिला–टोंक जिसका विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से है:–

क्र. स.	प्रोजेक्ट का नाम	रेफरेंस संख्या	क्षेत्रफल हैक्टेयर में	खनिज	उत्पादन क्षमता टीपीए (आर.ओ.एम.)
1	मैसर्स श्री श्योजी गुर्जर सहखातेदार श्री हनुमान गुर्जर एवं श्री रामदेव गुर्जर	20201000024352	1.0011	ग्रेनाइट	102480
2	मैसर्स विनायक मिनरल्स	201810000639	1.1623	ग्रेनाइट	92178
3	मैसर्स धरती धन स्टोन	2018100001701	1.5540	ग्रेनाइट एवं मैसनरी स्टोन	205773
4	श्री कालुराम खटीक	201900005219	2.0	ग्रेनाइट	207480

कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 5.7174 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता–607911 टीपीए (आर.ओ.एम.) ग्राम रूपाहेली तहसील मालपुरा, जिला टोंक से संबन्धित प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहाँ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।

2. और चूंकि **मैसर्स श्री श्योजी गुर्जर सहखातेदार श्री हनुमान गुर्जर एवं श्री रामदेव गुर्जर** ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मण्डल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु वन एव पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस. ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 ओर एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 के अनुसार समूह लोक सुनवाई हेतु आवश्यक है।

3. उक्त समूह खनन परियोजना से सम्बन्धित समूह EIA/EMP Report एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध है :–
   1. जिला कलक्टर, टोंक।
   2. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
   3. सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मुल्यांकन समिति, राजस्थान, 04, झालाना संस्थानिक क्षैत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।
   4. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ़, जिला–अजमेर।
   5. तहसील–मालपुरा, जिला–टोंक।
   6. प्रभारी, ग्राम पंचायत–राजपुरा, तहसील–मालपुरा, जिला–टोंक।

अतः सर्वसाधारण को कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, टोंक के पत्र क्रमांक न्याय/पर्यावरण/2021/5801 दिनांक 04.08.2021 के क्रम में इस आम सूचना के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त समूह खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई हेतु **दिनांक 09/09/2021** को **प्रातः 11:00 बजे, स्थान – राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, ग्राम रूपाहेली, तहसील मालपुरा, जिला–टोंक** में उपस्थित होकर अपने लिखित/मौखिक आक्षेप/सुझाव प्रस्तुत कर सकते है।

इस संबंध में लिखित आक्षेप/सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षैत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ, जिला–अजमेर को भी दिये जा सकते है।

(दीपक तँवर)
पर्यावरण अभियंता एवं क्षैत्रीय अधिकारी